लोक सभा अध्यक्ष ने गुरु गोबिन्द सिंह जी के प्रकाश पर्व की पूर्व संध्या पर लोगों को बधाई दी

...

नई दिल्ली; 28 दिसंबर, 2022: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने गुरु गोबिन्द सिंह जी के प्रकाश पर्व की पूर्व संध्या पर लोगों को बधाई दी है।

श्री बिरला ने अपने संदेश में कहा है,

"गुरू गोबिन्द सिंह जी का जीवन न्याय और धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देने का अद्वितीय उदाहरण है। वे एक ऐसे संत सिपाही थे जिन्होंने अपने अनुयायियों में आध्यात्मिकता का विकास करने के साथ उनमें जुल्म और अत्याचार का विरोध करने का हौसला भी उत्पन्न किया।

साहस और करूणा की प्रतिमूर्ति गुरू गोबिन्द सिंह जी का जीवन हमें सेवा और कल्याण के मार्ग पर चलते हुए मानवता के उद्धार का मार्ग प्रशस्त करने की प्रेरणा देता है।"